CBSE Class 7 Social Science Important Questions Geography Chapter 3 हमारी बदलती पृथ्वी

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
स्थलमण्डलीय प्लेट क्या हैं?
उत्तर:
स्थलमण्डलीय प्लेटें भू-पर्पटी पर अनेक बड़ी एवं कुछ छोटी कठोर, असमान आकार की प्लेटें होती हैं, जिन पर महासागर एवं महाद्वीप की सतहें टिकी हैं।

प्रश्न 2.
भूकंपीय तरंगें कितने प्रकार की होती हैं?
उत्तर:
भूकंपीय तरंगें तीन प्रकार की होती हैं-

- पी (अनुदैर्ध्य) तरंगें
- एस (अनुप्रस्थ) तरंगें,
- एल (पृष्ठीय) तरंगें।

प्रश्न 3.
भूकंप का मापन किससे किया जाता है?
उत्तर:
भूकंप का मापन भूकंपलेखी नामक यंत्र से किया जाता है।

प्रश्न 4.
सर्वाधिक शक्तिशाली भूकम्प कौनसा माना जाता है?
उत्तर:
जिस भूकम्प की तीव्रता 7.0 अथवा अधिक होती है, वह सर्वाधिक शक्तिशाली समझा जाता है।

प्रश्न 5.
विश्व का सबसे ऊँचा जल प्रपात कहाँ पर है?
उत्तर:
विश्व का सबसे ऊँचा जलप्रपात दक्षिणी अमेरिका के वेनेजुएला का एंजेल जल प्रपात है।

प्रश्न 6.
ज्वालामुखी क्या है?
उत्तर:
ज्वालामुखी भू-पर्पटी पर खुला एक ऐसा छिद्र है जिससे पिघले हुए पदार्थ अचानक निकलते हैं।

प्रश्न 7.
डेल्टा क्या है?
उत्तर:
डेल्टा एक त्रिभुजाकार मैदान है जिसका निर्माण नदी के मुहानों के अवसादों के संग्रह से होता है। इसका निर्माण नदी समुद्र में मिलने से पहले तटीय प्रदेश में करती है।

प्रश्न 8.
अपक्षय क्या है?
उत्तर:
अपक्षय पृथ्वी की सतह पर शैलों के टूटने की क्रिया को कहते हैं।

प्रश्न 9.
स्थानीय लोग भूकम्प का अनुमान कैसे लगाते हैं?
उत्तर:
स्थानीय लोग सामान्यतः जानवरों के व्यवहार के अध्ययन, तालाब में मछलियों की उत्तेजना, साँपों के धरातल पर आने के आधार पर भूकम्प का अनुमान लगाते हैं।

प्रश्न 10.
जल प्रपात किसे कहते हैं?
उत्तर:
जब नदी किसी खड़े ढाल वाले स्थान से अत्यधिक कठोर शैल या खड़े ढाल वाली घाटी से गिरती है, तो इसे जल प्रपात कहते हैं।

प्रश्न 11.
पुलिन किसे कहते हैं?
उत्तर:
समुद्री लहरों द्वारा तट पर बालू तथा बजरी के अवसाद के निक्षेपण को पुलिन कहते हैं।

प्रश्न 12.
समुद्र भृगु किसे कहते हैं?
उत्तर:
समुद्री जल के ऊपर लगभग ऊर्ध्वाधर उठे हुए ऊँचे शैलीय तटों को समुद्र भृगु कहते हैं।

प्रश्न 13.
लोएस किसे कहते हैं?
उत्तर:
जब बालू कण महीन व हल्के होते हैं, तो वायु उनको उठाकर अत्यधिक दूर तक ले जाती है। जब ये बालू कण विस्तृत क्षेत्र में निक्षेपित हो जाते हैं, तो इसे लोएस कहते हैं।

लघूत्तरात्मक प्रश्न-

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 1.
भूकम्प का मापन किस प्रकार किया जाता है?
उत्तर:
भूकम्प का मापन-

- भूकम्प का मापन भूकम्पलेखी नामक यंत्र से किया जाता है।
- भूकम्प की तीव्रता रिक्टर स्केल पर मापी जाती है।
- जिस भूकम्प की तीव्रता 2.0 अथवा उससे कम होती है, उसका प्रभाव नहीं के बराबर होता है।
- जिस भूकम्प की तीव्रता 5.0 होती है, वह वस्तुओं के गिरने से क्षति पहुँचा सकता है।
- जिस भूकम्प की तीव्रता 6.0 अथवा उससे अधिक होती है वह बहुत शक्तिशाली होता है और जिसकी तीव्रता 7.0 अथवा अधिक होती है, वह सर्वाधिक शक्तिशाली समझा जाता है।

प्रश्न 2.
हम भूकम्प से बचाव कैसे कर सकते हैं?
उत्तर:
भूकम्प से बचाव हम निम्न प्रकार से कर सकते हैं-

- भूकम्प के दौरान हम किसी सुरक्षित स्थान का आश्रय लें जैसे-रसोई के काउंटर, मेज के नीचे या दीवार के अंदरूनी कोने।
- भूकम्प के दौरान आग लगने वाले स्थान, चिमनी के आस-पास, टूट सकने वाली खिड़कियों, दर्पण तथा तस्वीर फ्रेम आदि से दूर रहें।
- भूकम्प के बचाव के लिए पहले से ही तैयार रहें।